निबंधन संख्या पी0टी0-40

बिहार गजट

असाधारण अंक

बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

22 श्रावण 1947 (श0)

(सं0 पटना 1348) पटना, बुधवार, 13 अगस्त 2025

सं० 5 / सी0आर0–323 / 2011 गृ०आ०—9924
गृह विभाग
(आरक्षी शाखा)

संकल्प
31 जुलाई 2025

विषयः–बिहार पुलिस सेवा के पदाधिकारियों का वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन (Performance Appraisal Report) आलेखन हेतु पद सोपान (प्रतिवेदक, समीक्षी एवं स्वीकरण प्राधिकार) का निर्धारण के संबंध में।

बिहार पुलिस सेवा के पदाधिकारियों की वार्षिक गोपनीय अभ्युक्ति के बदले वित्तीय वर्ष 2012–13 से वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन अभिलिखित करने की व्यवस्था लागू करने के फलस्वरुप विभागीय संकल्प संख्या–5277, दिनांक–02.07.2012, संकल्प संख्या–9700, दिनांक–19.11.2018 एवं संकल्प संख्या–8315, दिनांक–03.10.2019 द्वारा बिहार पुलिस सेवा के पदाधिकारियों का कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन (पी0ए0आर0) आलेखन हेतु प्राधिकारों का निर्धारण किया गया है, किन्तु बिहार पुलिस सेवा के पदधारक यथा–पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) का वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन (ए0पी0ए0आर0) आलेखन हेतु प्राधिकार का निर्धारण अबतक नहीं किया जा सका है।

2. अतः राज्य सरकार द्वारा बिहार पुलिस सेवा के उक्त पदधारक का वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन (ए0पी0ए0आर0) आलेखन हेतु प्राधिकारों का निर्धारण निम्नरुपेण किये जाने का निर्णय लिया गया है :–

क्र0 सं0	प्रतिवेदित पदाधिकारी	प्रतिवेदक प्राधिकार	समीक्षी प्राधिकारी	स्वीकरण प्राधिकार
1	पुलिस उपाधीक्षक (यातायात)	वरीय पुलिस अधीक्षक /पुलिस अधीक्षक	जिला पदाधिकारी	अपर पुलिस महानिदेशक (यातायात)/पुलिस महानिरीक्षक (यातायात)

3. यह व्यवस्था तत्कालिक प्रभाव से प्रभावी होगी।

आदेश:–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र में प्रकाशित किया जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
विनोद कुमार दास,
सरकार के उप सचिव।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट (असाधारण) 1348-571+500-डी0टी0पी0
Website: : https://egazette.bihar.gov.in